दिन– सोमवार | दिनांक– 19/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित। औपचारिक घोषणा कल होगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान सीतामढ़ी और शिवहर जिले में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन।

03. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पर भ्रांमक सूचना फैलाने का लगाया आरोप।

04. और, राज्य सरकार के आदेश के अनुपालन में प्रदेश के सभी कार्यालयों में जन सुनवाई शुरू। प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अधिकारी सुनेंगे आम लोगों की समस्याएं।

———————————————————————

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर के. लक्ष्मण ने घोषणा की कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनके चुनाव की औपचारिक घोषणा कल की जाएगी। डॉक्टर लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के सभी सैंतीस सेट प्राप्त हुए थे। जांच करने पर, नामांकन पत्रों के सभी सेट आवश्यक प्रारूप में विधिवत भरे हुए पाए गए और वैध थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और भाजपा के संसदीय दल बोर्ड के अन्य सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के नाम का प्रस्ताव रखा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान सीतामढ़ी और शिवहर जिले में तीन सौ तिरेसठ करोड़ रूपये की लागत से उनहत्तर योजनाओं को शिलान्या और दो सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत से एक सौ एक योजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय दो और तीन के तहत जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका स्वयं सहायता समूहों को पन्द्रह करोड़ एक लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत सैंतीस

लाभुकों के बीच निन्यानवे लाख पचहत्तर हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली फ्री दी गयी है।

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चला रही है। अगले पांच वर्षों में राज्य के एक करोड़ युवाओं को सरकरी नौकरी और रोजगार मुहैया कराया जायेगा। इस दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा, सांसद लवली आनंद, सांसद देवेशचंद्र ठाकुर, विधायक सुनील कुमार पिंटू और विधायक पंकज कुमार मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि, और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

————————————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस द्वारा दिए गए अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचारों, विचारधारा और आदर्शों को त्याग दिया है और देश के विकास या गरीबों के कल्याण से उसका कोई लेना–देना नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और प्रत्येक ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगी। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया है।

———बाईट———

100 दिन की बजाए 125 दिन के काम की गारंटी अगर दी है तो विकसित भारत की जी रामजी योजना के अंतर्गत दी गई है, और केवल काम का अधिकार नही दिया। 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देना पडेगा। आपने कागज पर अधिकार दिया था, हमने जमीन पर इसको मजबूत करने का काम किया है। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होगा। कोई भी ग्राम पंचायत इसके दायरे के बाहर नही रहेगी।

————————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में आज से जनसुनवाई की शुरूआत हो गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सात निश्चय तीन के तहत **सबका सम्मान, जीवन आसान** लक्ष्य को लेकर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रमंडल और राज्य सचिवालय में आम लोग संबंधित

पदाधिकारी से उनके कार्यस्थल या कार्यालय कक्ष में मिलकर अपनी समस्याएं बता सकेंगे। इधर, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लोगों से प्राप्त शिकायतों का संधारण किया जाएगा और किन शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी सतत निगरानी की जाएगी। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक पदाधिकारियों द्वारा जन सुनवाई की गयी। इसमें आम लोगों ने संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याएं साझा की।

———————————————————————

पटना के शंभू हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले में गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार की ओर से पुलिस को पूरी छूट दी गयी है। पटना में संववाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि एसआईटी अपना काम कर रही है।

———बाईट———

इधर, इस मामले में राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग–अलग याचिका दायर की गई है। दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पटना में विरोध प्रदर्शन कर सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

———बाईट———

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने पटना में मेडिकल छात्रा की संदिग्ध मौत पर कहा कि सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव को स्वच्छ और पारदर्शी बनाने के लिए कई बदलाव किए जाएंगे। औरंगाबाद में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान संभावित फर्जी और दोबारा वोटिंग को रोकने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उनहोंने कहा कि विशेष कैमरा से वैसे व्यक्ति की पहचान हो जाएगी जो दोबारा वोट डालने आएगा। पंचायती राज मंत्री ने दावा किया कि नई तकनीक का इस्तेमाल होने से चुनाव के दौरान हिंसा पर भी रोक लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव में आरक्षण का नया रोस्टर लागू किया जाएगा।

———————————————————————

सोने और चांदी की कीमतें आज नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अमेरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड विवाद को लेकर कई यूरोपीय देशों पर नए शुल्क लगाने की धमकी के बाद बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में यह तेजी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का मूल्य एक दशमलव छह–आठ प्रतिशत बढ़कर एक लाख, चौवालीस हजार, नौ सौ पांच रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। चांदी की कीमतें भी चार दशमलव तीन–नौ प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चार सौ रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते ठंड में कमी आई है। हालांकि पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम के समय अभी भी कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————

भाजपा द्वारा सहरसा जिले के सिटानाबाद दक्षिणी पंचायत के महादलित टोला में विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मजदूरों को एक सौ पच्चीस दिनों की रोजगार की गारंटी, साप्ताहिक भुगतान और कृषि कार्य के लिए मजदूरों की उपलब्धता की गारंटी दी गई है।

————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि समारोह के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

————————————————————

सुपौल जिले में पैंतालीसवीं एसएसबी बीरपुर द्वारा केंद्रीय विद्यालय में "वंदे मातरम्" की 150वीं स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारी एवं जवानों द्वारा राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया।

————————————————————

कटिहार जिले के फलका प्रखंड स्थित सोहथा उत्तरी पंचायत के पटवर टोला में खाना बनाने के दौरान आठ से अधिक घरों में आग लग गयी। इस घटना में लगभग दस लाख रुपये नगद समेत तीस से पैंतीस लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। वहीं, आग बुझाने के क्रम में एक महिला भी झुलस गई है।

———————————————————————

सहरसा जिले के बनगांव थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे एक पिकअप वाहन से तीन गाय और एक बछड़ा को बरामद किया है। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन को जब्त कर मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————————

पश्चिम चिम्पारण जिले के खरपोखरा स्टेशन पर पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस का विधिवत ठहराव शुरू हो गया है। इसे लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों ने इस पहल के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे और बगहा विधायक राम सिंह के प्रति आभार जताया।

———————————————————————

सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र स्थित जयप्रभा सेतु के पास एक कंटेनर से आठ हजार तीन सौ सोलह लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की अनुमानित क़ीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी एनडीपीएस कोर्ट ने मादक पदार्थ चरस की तस्करी मामले में एक व्यक्ति को चौदह वर्ष कठोर कारावास और दो लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनायी है।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर–पीपरा रोड पर कमरगामा पंचायत में एक ऑटो और कार के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवर के दो लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए।

———————————————————————

भोजपुर साईबर थाना की टीम ने ठगी के एक मामले में दो अभियुक्तों को नवादा जिले से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित। औपचारिक घोषणा कल होगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान सीतामढ़ी और शिवहर जिले में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्‌घाटन।

03. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पर भ्रांमक सूचना फैलाने का लगाया आरोप।

04. और, राज्य सरकार के आदेश के अनुपालन में प्रदेश के सभी कार्यालयों में जन सुनवाई शुरू। प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अधिकारी सुनेंगे आम लोगों की समस्याएं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।